FACULTY OF STUDIES
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

**प्रेस विज्ञप्ति**

संख्या- 1070/प्रेसनोट/अ0सं0 / 2022 / 680 दिनांक 05 मई 2022

**नव आरक्षक बैच संख्या- 152, 153, 154 एवं 155, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर की दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन**

टेकनपुर: दिनांक 05 मई 2022 को नव आरक्षक बी.आर.टी. बैच संख्या 152, 153, 154 एवं 155 सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर के कुल 825 प्रशिक्षणार्थिओं की दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन, वीरांगना लक्ष्मीबाई परेड स्थल, अकादमी टेकनपुर में किया गया। इस परेड के **मुख्य अतिथि श्री पंकज गूमर, अपर महानिदेशक, निदेशक, सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर,** ने मुख्य अतिथि के रूप में उक्त नवआरक्षक प्रशिक्षणार्थियों की दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली जिनकी अगवानी **श्री जितेन्दर सिंह ऑबेरॉय, विशिष्ट सेवा मेडल, महानिरीक्षक व संयुक्त निदेशक, सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर** ने की। इनके अलावा सीमा सुरक्षा बल अकादमी व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक तथा प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकगण भी उपस्थित हुए। सभी प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि के समक्ष देश के संविधान के प्रति एकता, अखण्डता एवं सम्प्रभुता को बनाए रखने के लिए अपने आपको समर्पित करने की शपथ दिलाई गई है।

2. उपरोक्त 825 प्रशिक्षणार्थियों को सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर में योग्य अनुदेशको द्वारा विभिन्न विषयों में 44 सप्ताह का कठिन बुनियादी प्रशिक्षण देकर एक सामान्य नागरिक से कुशल व प्रशिक्षित आरक्षक Trained Border man के रूप में ढाल दिया है।

3. इन प्रशिक्षणार्थियों का प्रदर्शन, टर्नआउट एवं जोश देखने लायक था । निम्नलिखित प्रशिक्षणार्थी पूरे बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों / विषयों में सर्वोत्तम कैडेट चुने गये, जिनको मुख्य अतिथि महोदय ने ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया:-

नोट : - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।

| S/No. | Name | Disciplines |
|---|---|---|
| 1 | Rahul kumar singh | आलराउंड प्रथम |
| 2 | Rakesh kumar | आलराउंड द्वितीय |
| 3 | Sandeep Oraon | फायरिंग में सर्वोत्तम |
| 4 | Anupam Dang | शारीरिक दक्षता में प्रथम |
| 5 | Vishal Prasad | ड्रिल में सर्वोत्तम |

4. मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देकर कहा कि आपका स्मार्ट टर्नआउट एवं ड्रिल, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर में प्राप्त किये गये उच्च दर्जे के व्यावसायिक प्रशिक्षण व आत्मविश्वास को दर्शाता है । आपके प्रदर्शन का स्तर व प्रशिक्षण में दी गई शिक्षा को देखकर, प्रतीत होता है कि आप अपनी लगन, मेहनत, समर्पण एवं कठिन परिश्रम की बदौलत सीमा सुरक्षा बल का नाम रोशन करेंगे।

5. मुख्य अतिथि ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर इन प्रशिक्षणार्थियों के गौरवान्वित माता-पिता को भी बधाई दी जिनकी प्रेरणा एवं त्याग की बदौलत ये सभी इस मुकाम पर पहुंचे हैं, साथ ही महानिरीक्षक सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर एवं संस्थान के अनुदेशकों की समर्पित टीम को भी बधाई दी जिन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को एक निर्भीक, साहसी एवं कार्य कुशल सीमा प्रहरी बनाने में अथक परिश्रम किया है।

6. अन्त में मुख्य अतिथि ने पुनः सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनकी शानदार दीक्षांत परेड और बुनियादी प्रशिक्षण के सफल समापन पर हार्दिक बधाई दी एवं साथ ही सीमा सुरक्षा बल में उनके सुनहरे एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

अतुल 5/8/22

(अतुल यादव), द्वितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक (अध्ययन संकाय)
सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर

नोट : - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।